हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 16 दिसंबर 2023

06 खुले में मांस विक्रय करने वालों को दी समझाइश...



07 नए मुख्यमंत्री के बनते ही सिरोंज प्रशासन ने आदेशों ...





## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2900 | 4471 |
| गेहूं 1544 | 2380 | 3070 |
| चना | 5000 | 5989 |
| मसूर | 5130 | 5894 |
| सोयाबीन | 3200 | 4774 |
| सरसों | 4900 | 6000 |
| धान | 1590 | 4425 |
| तेवड़ा | 4425 | 4425 |
| उड़द | 4400 | 4400 |
| तुअर | 6000 | 6355 |
| धनिया | 5200 | 5690 |

## खबर संक्षेप

### विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभांरभ आज

**विदिशा।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का आज शुभांरभ कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम ऑडिओरियम में दोपहर 3.30 बजे से शुरू होगा। उपरोक्त कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ लाभांवित होने वाले व हो चुके हितग्राहियों को आमंत्रित किया गया है। विकासखंड स्तर पर 17 दिसम्बर से कार्यक्रम शुरू होंगे जो कार्यक्रम शनिवार 16 दिसम्बर को आयोजित होना था वह कार्यक्रम अब उन ही स्थलों पर 23 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा।

### निशुल्क शिविर में 60 ने कराई जांच

**विदिशा।** लायंस क्लब विदिशा सनराइज द्वारा निशुल्क दंत, नेत्र एवं शुगर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। दंत परीक्षण डॉ प्रीति कौर द्वारा एवं नेत्र परीक्षण डॉन्सुनील जैन एवं सजल जैन द्वारा एवं शुगर परीक्षण संतोष नामदेव द्वारा किया गया। शिविर में लगभग 60 लोगों का परीक्षण कर परामर्श दिया गया।

### आपत्तियां व सुझाव 20 तक दें, बैठक 21 को

**विदिशा।** विशेष संक्षिप्त पुर्नरीक्षण 2024 के तहत मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण अंतर्गत मतदान केन्द्रो की प्रारूप सूची का प्रकाशन 14 दिसम्बर को किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर भार्गव ने बताया कि जिले की पांचों विधानसभाओं की सूचियां राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त दलों को प्रदाय की गई है। युक्तियुक्तकरण की आवश्यक कार्यवाही के बाद प्रस्ताव जिला निर्वाचन कार्यालय को प्राप्त हुए थे जिनका प्रकाशन 14 दिसम्बर को किया गया है। आपत्तियां एवं सुझाव 20 दिसम्बर तक आमंत्रित किए गए है। प्राप्त आपत्तियां एवं सुझावों पर निराकरण 21 दिसम्बर को किया जाएगा।

### थाने में बैठक कर पुलिस ने दी समझाइश

**विदिशा।** शुक्रवार को नगर के विभिन्न धर्म के धर्मगुरु पूजा स्थलों के प्रधान, धार्मिक आयोजन समिति के अध्यक्ष, समाज के अध्यक्ष एवं नगर के सभी डीजे एवं बैंड संचालकों की बैठक ली गई। सीएसपी राजेश तिवारी ने बताया की अवैध लाउडस्पीकर हटाए जाने एवं डीजे एवं बैंड को निर्धारित डेसीबल का अनुपालन कराए जाने समझाएं दी गई। नियम तोड़ने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई हे।

# जंगल से खेतों की तरफ आए हिरणों के झुंड



हिरण 35 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से दौड़ सकता है। यह 10 फीट दूरी तक की छलांग लगा सकता है। हिरण ऐसी गति संभवतः बहुत लंबे समय तक नहीं बनाए रख सकते। जैसे ही उनका शरीर थकने लगेगा, वे स्वभाविक रूप से अपनी गति धीमी कर लेते हैं।

विदिशा। शहर से करीब 15 किमी दूर हासुंआ के पास मूंगोद गांव में हिरणों के झुंड खेतों की खूब धमाचौकड़ी कर रहे हैं। आसपास के जंगली क्षेत्र से यह झुंड खेतों की ओर आ गए हैं। फोटो- शाहिद अहमद

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

खेतों में फसल लहलहाती नजर आ रही है। इन फसलों को कुलाचें भरते हिरणों के झुंड फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। ग्यारसपुर और हैदरगढ़ के जंगलों में बड़ी संख्या में हिरण हैं। हिरण अब खेत हरे होते ही गांवों की ओर आना शुरू हो गए हैं।

किसानों को खेत पर रुककर फसल की रखवाली करनी पड़ रही है। यह हिरणों के झुंड खेतों में पहुंचकर फसल को तहस-नहस कर चौपट कर देते हैं। किसानों ने बताया की सुबह सुबह खेतों में हिरणों के झुड पहुंच जाते हैं जिन्हे कई दूर तक भगाकर आना पड़ता है। खेतों में रबी सीजन की फसल लहलहाने लगी है और इस फसल को हिरणों के झुंड खराब कर रहे हैं।

### पैरों के खुरों से जमीन में धंस जाती है फसल

किसान विजेन्द्रसिंह ने बताया कि जिस जगह से हिरणों का झुंड निकलता है वहां से फसल खराब हो जाती है। हिरणों के निकलने के बाद फसल जमीन में धंस जाती है। रात के समय भी खेतों में रखवाली करनी पड़ रही है। यदि रखवाली नहीं करेंगे तो फसल सुरक्षित नहीं रहेगी। शहर से करीब 15 किमी दूर हांसुआ गांव के पास मूंगोद में खेतों में हिरणों के झुंड धमाचौकड़ी मचा रहे हैं। किसानों ने बताया की हिरणों के पैरों के खुरों से फसल जमीन में धंस जाती है फिर पौधे दोबारा खड़े नहीं हो पोत।

ग्रामीण क्षेत्रों में हिरणों की संख्या इतनी ज्यादा है कि किसानों को फसल बचाना भी मुश्किल हो जाता है।

## बर्फबारी से शहर में बढ़ी ठिठुरन तापमान 9 डिग्री से नीचे लुढ़का



विदिशा। गर्म कपड़े पहनने के बाद भी लोगों को अब आग का सहारा लेना पड़ रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पहाड़ी इलाकों में हो रही बर्फबारी से मैदानी इलाकों में ठंड बढ़ गई है। जिले में न्यूनतम तापमान 9 डिग्री से नीचे जा पहुंचा है। फसलों में भी इल्लियां पड़ने लगी हैं।

शहर में दिन में मौसम साफ होने से रात में ठंड बढ़ने लगी है। पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी हो रही है। उत्तरी भारत से आई सर्द हवाएं मैदानी इलाकों में ठिठुरन बढ़ा रही हैं, जिसके के चलते लोगों ने अलाव जलाना शुरू कर दिया है। पिछले दिनों रात में तापमान 12 डिग्री तक था, लेकिन गुरुवार रात को तापमान लुढ़ककर 8.8 डिग्री सेल्सियस हो गया है। दिन में अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री दर्ज किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों के दौरान 10 से 12 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। हालांकि आसमान साफ रहेंगे। अधिकतम पारा 26 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम पारा 11 डिग्री तक जा सकता है।

**आगे और कैसा रहेगा:** हवा का रुख उत्तर-पूर्वी बना हुआ है, जिससे तापमान में उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है और ठिठुरन बढ़ने लगी है। फिलहाल तीन-चार दिन तक मौसम का मिजाज इसी तरह बना रह सकता है। उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ शुक्रवार के बाद आगे बढ़ जाने की भी संभावना है। वर्तमान में पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पश्चिमी उत्तर प्रदेश पर द्रोणिका बनी हुई है। इस मौसम प्रणाली के कमजोर रहने के कारण इसका मप्र के मौसम पर विशेष असर नहीं हो रहा है।

### बकरा-मुर्गा काटकर गंदगी को नालियों में बहा रहे दुकान संचालक

# खाई रोड पर अवैध रूप से चल रहीं कई दुकानें, खुलेआम बेचते हैं चिकन, मटन

शहर में धड़ल्ले से चिकन मटन की अवैध दुकानें चल रही हैं। इन दुकानों से निकलने वाली गंदगी को नालियों में बहा दिया जाता है। खाई रोड पर तो खुलेआम मटन दुकानों पर लटकाकर बेचा जाता है।



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहर में अवैध रूप से कई चिकन मटन बेचने की दुकानें चल रही हैं। मांस की दुकानें खोलने के लिए नियम तो बनाए गए हैं, लेकिन एक भी नियम का पालन होता दिखाई नहीं दे रहा है। जिसकी जहां मर्जी होती है वहां आम दुकानों के बीच धार्मिक स्थलों के पास तक दुकानें खोलकर बैठ जाता है। हाईवे तक पर जगह जगह छोटी-छोटी गुमठियों में दुकानें चल ही हैं।

किराने की दुकान की तरह शहर में चिकन मटन की दुकानें संचालित हो रही हैं। शहर के खाई रोड पर अवैध रूप से संचालित होने वाली दुकानों को हटाने के लिए कई बार प्रदर्शन किए गए, लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं है। खाई रोड पर जहां चिकन मटन की दुकानें हैं। वहीं पर प्रति सोमवार को हाट बाजार भरता है। सैकड़ों की संख्या में सब्जी और अन्य घरेलू सामग्री की दुकानें चिकन मटन की दुकानों के आसपास लगती हैं। इन अवैध दुकानों को हटाने के लिए कई बार प्रदर्शन भी किए गए। अब सीएम मोहन यादव के निर्देश के बाद अधिकारियों और पुलिस ने सख्ती करना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को सीएसपी राजेश तिवारी ने खाई रोड पहुंचकर अवैध रूप से चिकन मटन की दुकानें संचालित करने वालों को हिदायत दी की निर्देशों का पालन करते हुए ही व्यापार किया जाए। हालांकि सीएम के निर्देश आने के बाद अब दुकानदारों ने चिकन मटन को खुले में रखना बंद कर दिया है। दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे हरी मेट लगा ली है जिससे दुकानों पर रखा मांस आम लोगों को दिखाई न दे।

### इन शर्तों को करना होता है पूरा तभी खुलती है दुकान

- मीट की दुकान धार्मिक स्थल से 50 मीटर की दूरी पर हो। धार्मिक स्थल के मेनगेट से 100 मीटर की दूरी होना चाहिए।
- मीट की दुकान सब्जी या मछली की दुकान के पास नहीं होना चाहिए।
- मीट दुकान के अंदर जानवर या पक्षी नहीं काटे जा सकते।
- मीट की दुकानों पर काम करने वालों को सरकारी डॉक्टर से हेल्थ सर्टिफिकेट लेना होता है।
- मीट की क्वॉलिटी पशु डॉक्टर से प्रमाणित करवानी होती है।
- शहरी इलाकों में सर्किल ऑफिसर, नगर निगम और फूड सेफ्टी एंड ड्रग्स एडमिनिस्ट्रेशन से एनओसी लेना होती है।
- ग्रामीण इलाकों में ग्राम पंचायत, सर्किल अफसर और एफएसडीए एनओसी लेनी पड़ती है।

## 5 लाख मेट्रिक टन गेहूं और 90 हजार मेट्रिक टन चने की पैदावार की उम्मीद

### कलेक्टर भार्गव ने उपार्जन कार्यों का जायजा लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा





कलेक्टर उमाशंकर भार्गव ने जिले में रबी फसलीय उपार्जन के संबंध में किए जाने वाले प्रबंधों का जायजा लिया। कलेक्टेट के बेतवा सभागार कक्ष में आयोजित इस बैठक में कृषि विभाग के उप संचालक केएस खपेड़िया ने जिले की फसलवार जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि जिले में उपार्जन के दौरान बारदानों में कमी न हो इसके लिए अभी से भंडारण कराया जाए। प्रारंभिक लक्ष्यों के अनुसार जिले में गेंहू पांच लाख मेट्रिक टन, मसूर 1.25 लाख मेट्रिक टन, सरसों 20 हजार मेट्रिक टन, चना 90 हजार मेट्रिक टन, उपार्जन की संभावना है। कलेक्टर भार्गव ने कहा कि जिले में समर्थन मूल्य पर शत प्रतिशत कार्य गोदामों में किया जाएगा ताकि परिवहन जैसी परिस्थितियों के कारण उपार्जन कार्य प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि उपार्जन से संबंधित पिछले वर्षों की गलतियां दोहराई न जाएं का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि उपार्जन के लिए नियुक्त विभागों के अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित कर जिले में निर्विघ्न रूप से उपार्जन कार्यों को कराएंगे।

### बीमारी, बेरोजगारी से परेशान महिला ने की आत्महत्या

**विदिशा।** करैया खेड़ा रोड गली नंबर 4 में रहने वाली मोनिका साहू (35) ने गुरुवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने देखा तो मोनिका को लेकर जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिचितों ने बताया कि कुछ साल पहले मोनिका को उसके पति ने छोड़ दिया था। लगभग 8 माह पहले उसका एक एक्सीडेंट भी हुआ था जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई थी। उसके बाद से वो मानसिक बीमारी के दबाव में थी। मोनिका कोई काम नहीं करती थी, जिसके कारण वह काफी समय से परेशान चल रही थी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम करके मामला जांच में ले लिया।

## मिशन वात्सल्य: बच्चों से जुड़े अपराध और कानून के बारे में जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

समेकित बाल संरक्षण योजना एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम को लेकर एक दिवसीय जिला स्तरीय सेमिनार शुक्रवार को आयोजित किया गया है। इस सेमिनार में महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल कल्याण समिति, विशेष पुलिस ईकाई, सहित चाईल्ड लाइन और बच्चों के लिए काम करने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए।

मिशन वात्सल्य के तहत किशोर न्याय अधिनियम एवं लैगिंक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के साथ ही योजनाओं के बारे में बताया गया। लैंगिक अपराध से बच्चों के संरक्षण अधिनियम 2012 अधिनियम में दी गई। जानकारी में गुड टच-बेड टच के बारे में बताया गया। वहीं विभिन्न प्रकार के अपराध शोषण से बचाव के उपाय, बच्चों के लिए बनाए गए कानून और विधि संबंधी जानकारी दी गई। अतिरिक्त



पुलिस अधीक्षक समीर यादव ने बताया कि मिशन वात्सल्य को लेकर महिला विकास विभाग द्वारा यह सेमिनार का आयोजन किया गया। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चे जो कभी कभी नियमों का उल्लंघन करते हैं उसके संबंध में पुलिस के बाल कल्याण अधिकारी, महिला बाल विकास विभाग और न्याय विभाग के अधिकारियों का यह सेमिनार आयोजित किया है। इसका उद्देश है कि हम सब बच्चों के लिए बनाए गए नियमों और एक्ट के लिए अच्छे से जान लें और आपसी सहयोग से इसे अच्छे से लागू कर सकें।

## भाजपा किसान मोर्चा कार्यकारिणी की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शुक्रवार को भाजपा कार्यालय में किसान मोर्चा की बैठक हुई। किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष दर्शन सिंह चौधरी, प्रदेश कार्यालय मंत्री राघवेन्द्र शर्मा, जिलाध्यक्ष डॉ राकेश जादौन, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष जितेन्द्र बघेल बैठक में मौजूद रहे।





प्रदेशाध्यक्ष दर्शन सिंह ने किसान मोर्चा के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा के चुनाव में जिस प्रकार सभी ने जिले की पूरी सीटें जीतकर कांग्रेस मुक्त जिला बना दिया है, ऐसे ही लोकसभा के चुनावों में पूरे मप्र में कांग्रेस मुक्त करने की दिशा में आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा की केन्द्रीय किसान मोर्चा की ओर से हमें आगामी जो कार्यक्रम मिले हैं चाहे नमो कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हो या विकसित भारत संकल्प यात्रा हो इन सभी आयोजनों में सभी की सक्रिय भागीदारी हो। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कार्यालय मंत्री राघवेन्द्र शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी का जो लक्ष्य 51 प्रतिशत वोट लेने का हमने लिया था, उसके लगभग बहुत करीब पहुंच गए हैं और आने वाले लोकसभा के चुनावों में भी मेरा बूथ सबसे मजबूत एवं बूथ जीता चुनाव जीता का लक्ष्य लेकर हम सभी यहां से जाएंगे। विदिशा संगठनात्मक दृष्टि से पूरे प्रदेश में सबसे मजबूत है इसलिए हम सबकी जिम्मेदारी और अधिक हो जाती है। बैठक में किसान मोर्चा के पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मंदिर के 5 साल पूरे होने पर महिलाओं ने लगाई बाबा खाटू श्याम के नाम की मेहंदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

खाटू श्याम मंदिर के 5 साल पूरे होने पर पांच दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन मंदिर में किया जा रहा है। शुक्रवार को महिलाओं ने बाबा के नाम की मेहंदी लगाई। दोपहर तक करीब एक हजार महिलाओं के हाथों में मेहंदी लग चुकी थी। मेहंदी शाम 5 बजे तक लगाई जाती रही।

4 से 5 हजार महिलाओं के हाथों में बाबा के नाम की मेहंदी लगाई गई। आगामी दिनों में निशान यात्रा भजन संध्या और भंडारे का भी आयोजन होगा। वैशाली बिहार कॉलोनी स्थित श्याम खाटू मंदिर में स्थापना के 5 वर्ष पूरे होने पर पांच दिवसीय विशेष वार्षिक उत्सव का आयोजन चल रहा है। मंदिर प्रबंध समिति के प्रमुख घनश्याम बंसल ने बताया कि 12 तारीख से यह आयोजन प्रारंभ हुए हैं। जो 17 तारीख तक चलेगा।



**18 से शुरू होगी संगीतमय कथा**

**अहमदपुर कस्बा।** श्री बिंदेश्वरी माता मंदिर प्रातः प्रभात फेरी के 5 वर्ष पूर्ण होने पर भागवत कथा का शुभारंभ 18 दिसंबर सोमवार से मंडी प्रांगण अहमदपुर लक्ष्मी नगर में किया जा रहा है। बाल किशोरी दीदी के मुखारविंद से कथा सुनाई जाएगी।

मकान बेचना

पूरनपुरा विदिशा में

सर्वसुविधा युक्त नवनिर्मित

डायवर्टेड कॉर्नर का तीन तरफ रोड

साईज 30x30 का

शीघ्र बेचना है

कृपया वास्तविक खरीददार ही संपर्क करें

9691725819

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2650
उच्चतम भाव-3852
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2308
उच्चतम भाव-3090
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2300
उच्चतम भाव-2401
चना
न्यूनतम भाव-5000
उच्चतम भाव-5842
मसूर
न्यूनतम भाव-3800
उच्चतम भाव-5871
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-4770
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4590
उच्चतम भाव-4930
सरसों
न्यूनतम भाव-4900
उच्चतम भाव-5450
उड़द
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-7500
धान
न्यूनतम भाव-1910
उच्चतम भाव-4451
मूंग
न्यूनतम भाव-4900
उच्चतम भाव-6960
ज्वार
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-6750
बटरी
न्यूनतम भाव-2900
उच्चतम भाव-5800
मैथी
न्यूनतम भाव-5005
उच्चतम भाव-5005
मक्का
न्यूनतम भाव-1970
उच्चतम भाव-2000

### कृषि मंडी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में शुक्रवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से बडी संख्या में किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 28792 बोरे कृषि उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### रात्रि में लगा जाम

**गंजबासौदा।** शुक्रवार को रात्रि के समय पचमा बायपास मार्ग पर दो ट्रकों के फंस जाने से जाम लग गया। जिसके कारण वाहनों की लंबी कतारें लग गई तथा वाहन चालक देर तक परेशान होते रहे।

### प्रभुलाल ठाकुर का निधन

**गंजबासौदा।** स्व. हरिसिंह, ठाकुर, रामबाबू, राजाबाबू, दशरथ सिंह ठाकुर कौसी वालो के पिताजी एवं राघवेन्द्र, रविन्द्र, प्रशांत, गोलू, सुरेन्द्र, रजत बिहारी, हरि मेडीकल सावरकर चौक वालों के दादाजी प्रभुलाल ठाकुर का स्वर्गवास हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा सुबह 11 बजे निज निवास स्थान तिरंगा चौक से बेतवा विश्राम घाट को निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनिट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### प्रदेश सरकार के निर्देश पर नगर में हुई कार्रवाई

# खुले में मांस विक्रय करने वालों को दी समझाइश, दो पर लगाया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



खुले में मांस विक्रय न करने के प्रदेश सरकार के आदेश के पालन में शुक्रवार को कलेक्टर के निर्देश और एसडीएम विजय राय, नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव के मार्गदर्शन में नपा के स्वास्थ्य अमले, पशु चिकित्सा विभाग एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने संयुक्त कार्रवाई की। साथ ही मांस विक्रेताओं को भी समझाइश दी गई।

उल्लेखनीय है कि नवगठित प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री मोहन यादव ने खुले में मांस विक्रय को प्रतिबंधित करने के आदेश जारी किए हैं। इन्हीं आदेशों के पालन में खुले में मांस विक्रय करने वाले विक्रेताओं को जागरूक करने एवं गंदगी फैलाने करने पर कार्रवाई की जा रही है। इसी सिलसिले में शुक्रवार को कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम विजय राय एवं नपाध्यक्ष शशि यादव एवं सीएमओ पवन शर्मा के निर्देशानुसार नपा, पशु चिकित्सा विभाग एवं खाद्य सुरक्षा विभाग के संयुक्त दल द्वारा कार्रवाई की गई। जिसमें वार्ड नंबर 1 में मछली मार्केट, बस स्टैंड वार्ड नंबर 8 एवं वार्ड 23 चूड़ी मोहल्ला में खुले में मांस विक्रय करने वाले विक्रेताओं को जागरूक किया गया एवं उनको समझाईश दी गई एवं उनके द्वारा गंदगी फैलाने पर चालानी कार्रवाई भी की गई।

शासन के निर्देश अनुसार संयुक्त दल के द्वारा लोगों को जागरूक करने हेतु बताया गया कि जो स्वस्थ जानवर हो उन्हीं का मांस खाया जाए, बकरी को नहीं काटना है, बीमार जानवर को नहीं काटना है काटने के पूर्व मुर्गा बकरा को पशु चिकित्सालय में लाकर परीक्षण करवाये और मांस को 24 घंटे के अंदर ही उपयोग करना है। स्वच्छता निरीक्षक जावेद खान ने बताया कि मांस विक्रय स्थान पर सफाई रखें मांस के अवशिष्ट इधर-उधर नहीं फेके। जिससे वातावरण प्रदूषित न हो। मांस को ढंक कर रखना है आम नागरिकों को देखने में ना आए अपारदर्शी कांच का प्रयोग कर सकते हैं। सीएमओ ने बताया कि अति शीघ्र नपा द्वारा खुले में मांस विक्रय करने वालों को लाइसेंस जारी किया जाएगा। इस दौरान दो विक्रेताओं पर जुर्माना भी लगाया गया। संयुक्त दल में नपा स्वच्छता निरीक्षक जावेद खान, नीरेंद्र डे एआरआई, खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप वर्मा, किरण श्रीवास्तव, पशु चिकित्सा अधिकारी प्रणव सिंह शामिल रहे।

# शहर वाचनालय में मनाई सरदार पटेल की पुण्यतिथि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को शहर वाचनालय में पाठक संघ के तत्वाधान में सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि मनाते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनको देश का महान जननायक बतलाया गया। प्रारंभ में सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू ने बताया कि उनका जन्म 31 अक्टूबर 1875 में गुजरात के काठियावाड़ जिले में हुआ था और 15 दिसंबर 1950 को उनकी मृत्यु हुई। जब उनकी मृत्यु हुई तो उनके पास उनके बैंक खाते में मात्र 260 रूपए थे। ऐसे महान व्यक्तित्व के धनी के आचरण और सिद्धांतों से हम प्रेरणा लेकर एक नए भारत का निर्माण करें। इस अवसर पर वाचनालय पाठक संघ के संयोजक दीपक तिवारी ने बतलाया कि वह भारत रत्न से भी सम्मानित हुए और उन्होंने भारत की 542 से अधिक रियासतों का विलीकरण किया और हैदराबाद निजाम पर चढ़ाई कर दी और फौज भेज कर उनसे भारत विलय कराया। इस अवसर पर शहर वाचनालय के प्रभारी सतीश शिल्पकार ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह देश के प्रथम उप प्रधानमंत्री गृहमंत्री और भारत रत्न से सम्मानित बहु आयामी व्यक्तित्व के धनी थे। ऐसे महामानव का जन्म भारत में कभी-कभी होता है। इस अवसर पर कैलाश नेमा, सतीश सेन, टीपू सोलंकी सहित अनेक पाठक गण उपस्थित थे।

# 'निष्ठावान कार्यकर्ताओं के लिए हमेशा उनके साथ हूं'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में बासौदा ग्यारसपुर विधानसभा क्षेत्र को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने विचार और कांग्रेस की हार के कारण बताए। इस मौके पर बासौदा विधानसभा क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। बासौदा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने अपनी अपनी बात रख कर, हार के कारणों पर चिंतन किया। बैठक के अंत में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश कटारे ने भी अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि जिस कांग्रेसी कार्यकर्ता ने पार्टी के खिलाफ काम किया है, उन्हें किसी भी हाल में बक्सा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ निश्चित ही कार्रवाई की जाएगी। इसी क्रम में बासौदा ग्यारसपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी निशंक जैन ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

उन्होंने संबोधित करते हुए कहा कि अपने क्षेत्र के कार्यकर्ताओं ने जितनी मेहनत और ईमानदारी से काम किया है उनका मैं आभार व्यक्त करता हूं। लेकिन जिन कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ काम किया है। उनके खिलाफ निश्चित ही कार्रवाई की जाएगी और जिन कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के लिए काम किया है, उनके लिए मैं हमेशा की तरह उनके साथ, और उनके सुख-दुख में हमेशा उनके साथ रहूंगा। ऐसे कार्यकर्ताओं के लिए मुझे कुछ भी करना पड़ेगा तो में उसके लिए हमेशा उनके लिए अपनी तत्परता से खड़ा रहूंगा। बैठक में ब्लाक कांग्रेस शहर एवं ग्रामीण, एनएसयूआई, कांग्रेस सेबादल, महिला कांग्रेस, सहित विधानसभा के ब्लॉक अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बीएलए एवं बूथ कार्यकर्ता मौजूद रहें। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश कटारे, पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक निशंक जैन, महेश शर्मा, विकास शर्मा, प्रकाश मिश्रा, बीडी शर्मा, रामकिशन दुबे, लखन लोधी, खिलान सिंह रघुवंशी, अजय तिवारी, कल्याण सिंह नागोरी, राजकुमार सेन, स्वदीप रघुवंशी, जगन्नाथ अहिरवार, आजाद भाई, जगदीश व्यास, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष बासौदा गोविंद गुर्जर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष ग्यारसपुर प्रीति शंकर दयाल शर्मा, शरद शर्मा, ओमकार सिंह दांगी, पार्षद राहुल ठाकुर, सुजीत सेन, संजू यादव, दिनेश सूर्यवंशी मोहम्मद गढ़, अमित मेहता, ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र लोधी, गजराज कुशवाहा, वीरू मैना, रवि यादव, शैलेंद्र रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बैठक में दी समझाइश



**त्योंदा।** शुक्रवार को त्योंदा थाना में त्योंदा पुलिस थाने में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें जनपद सीईओ भगवान सिंह, तहसीलदार अवदेश यादव, थाना प्रभारी गौरव बाजपेई मौजूद रहे। जिन्होंने त्योंदा तहसील के मंदिर, मठ के पुजारी एवं मस्जिद के मौलवियों को लाउडस्पीकर की आवाज कम करने एवं डीजे साउंड वालों को अनुमति के बिना डीजे बजाने पर रोक लगाने को कहा एवं मांस, मछली मार्केट में बिना लाइसेंस की खुले में दुकान न खोलने को कहा गया। मांस, मछली की दुकान के आगे पर्दा रहे जिससे किसी आदमी की नजर ना पड़े।

# नगर में चलाया गया स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासन निर्देश अनुसार शहर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जिसमें सभी सार्वजनिक एवं पब्लिक टॉयलेट की साफ सफाई तथा सार्वजनिक स्थानों की साफ सफाई की जा रही है। गत दिवस बासौदा वॉरियर्स एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी तथा स्वसहायता समूह एवं रतन बाई जैन हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों एवं स्टाफ द्वारा सावरकर चौक गांधी चौक तथा रविदास कॉलोनी सहित शहर के पांचो सार्वजनिक शौचालय की सफाई कराई गई एवं खुले स्थानों पर नित्यक्रिया करने वाले स्थान को चिन्हित कर उनको समाप्त किया गया। चौराहे पर नित्यक्रिया घर नगर पालिका द्वारा रखवाया गया। सार्वजनिक स्थानों में नए बस स्टैंड मछली बाजार की विशेष सफाई कराई गई। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, स्वच्छता समिति की सभापति ज्योति पिंकू शर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पवन शर्मा, मयंक टांक, पूर्व स्वच्छता अधिकारी राजेश कुमार नेमा, स्वच्छ भारत मिशन प्रभारी सहज तैनगुरिया, स्वच्छता निरीक्षक जावेद खान उपस्थित रहे।

# आयुर्वेदिक शिविर में हुई मरीजों की जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय खड़ेर द्वारा ग्राम फूफैर की प्राथमिक शाला में आयुर्वेदिक शिविर आयोजित किया गया। जिसमें औषधालय प्रभारी रमेश गुजराती ने 161 बच्चों की जांच कर उन्हें निशुल्क दावाईयों का वितरण किया तथा मौसमी बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए एवं देसी आयुर्वेदिक उपचार की विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी गई। उन्होंने व्यवस्थित दिनचर्या के विषय में जानकारी देते हुए सर्दी के मौसम में ऋतुओं के अनुसार खानपान किस तरह का होना चाहिए इससे अवगत कराया। शिविर में ने बच्चों का परीक्षण कर औषधियों का वितरण कर विभाग द्वारा संचालित की जा रही जीवन अमृत योजना की जानकारी दी गई। कार्यक्रम स्कूल प्रभारी सुभाष गौर, रमेश कुमार सिलावट, रघुराज सिंह राजपूत, विक्रम सिंह दांगी, ऊषा राय, अनिकेत अग्रवाल, विनीत चतुर्वेदी आदि उपस्थित थे।

# एलबीएस में भाषायी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शासन के निर्देशानुसार भाषायी दिवस पर शुक्रवार को लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में मेरी मातृभाषा में मेरा हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत खो-खो प्रतियोगिता, लंबी कूद, भाला फेंक, गोला फेंक, भाषण एवं मनोरंजक गतिविधियों में मिमिक्री और हास्य व्यंग में छात्र-छात्राऐं सम्मिलित हुए और अपने खेल कौशल का परिचय दिया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ पीयूष दुबे, प्रो अजय सेंगर, प्रो एसएन सोनी, पुस्तकालय अध्यक्ष प्रशांत कांसवा, क्रीड़ा अधिकारी मनीष अहिरवार, प्रो गौरव नामदेव सहित समस्त महाविद्यालयीन स्टाफ और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### श्रमदान अभियान का ग्यारहवां चरण रविवार को

**गंजबासौदा।** बेतवा नदी संरक्षण एवं स्वच्छता के उद्देश्य से श्रमदान दल के तत्वावधान में संचालित सप्ताहिक श्रमदान अभियान 3.0 का ग्यारहवां चरण रविवार 17 दिसंबर को आयोजित होगा। बेतवा नदी स्थित रिपटा घाट पर सुबह साढे सात बजे से साढे नौ बजे तक चलने वाले इस श्रमदान अभियान में नगरवासियों से आग्रह है कि नदी जल स्वच्छता अभियान से जुड़े और नदी जल स्वच्छता, पर्यावरण संवर्धन एवं संरक्षण तथा जन जागरूकता अभियान में अपना योगदान दें।

# छात्राओं को दी गई जानकारियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शुक्रवार को शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ मणि मोहन मेहता के नेतृत्व में एन्हांसिंग द वेल्यू ऑफ गर्ल चाइल्ड प्रोजेक्ट के अंतर्गत विद्यार्थियों को भ्रूण हत्या को रोकने, बालिकाओं के अस्तित्व और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए जागरूक किया गया। इस प्रॉजेक्ट के माध्यम से बालिकाओं की शिक्षा सुनिश्चित करने , बालिकाओं को कौशल प्रदान करने, माध्यमिक शिक्षा में उनका नामांकन बढ़ाने, मासिक धर्म संबंधी स्वच्छता के बारे में उन्हें जागरूक करने और बाल विवाह को समाप्त करने आदि के बारे में 10 मॉड्यूल के माध्यम से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य लिंग अनुपात में सुधार करना एवं बेटी के माता-पिता को बेटियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित करना है। मॉडल्स में आनंदी के जीवन के माध्यम से विद्यार्थियों को बालिकाओं के जीवन की चुनौतियों को इंगित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मणि मोहन मेहता ने बेटियों का भविष्य उज्जवल बने एवं वह शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढने की शुभकामनाएं दीं। साथ ही बेटी और बेटे के बीच एक समानता स्थापित करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ सुमनलता गुप्ता ने कार्यक्रम के आयोजन की महत्ता बताई। प्रभारी सहायक प्राध्यापक सुमन विश्वकर्मा एवं जे पी मेहरा ने कार्यक्रम में सहयोग किया। कार्यक्रम की एंबेसेडर सृष्टि तिवारी ने टॉक शो कर विद्यार्थियों के विचारों को जाना। सृष्टि तिवारी एवं सचिन अहिरवार ने विद्यार्थियों में एन्हांसिंग द वैल्यू ऑफ गर्ल चाइल्ड प्रॉजेक्ट के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में डॉ. सरिता घेंघट, डॉ. रेखा जांशल, डॉ. बारिश जैन, डॉ. पवन जैन सहित स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

### 22 जनवरी को घर-घर दीप जलाए जाएंगे, होगा सीधा प्रसारण

# नगर की 11 बस्तियों तक पहुंचे अयोध्या के पूजित अक्षत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के आह्वान पर विश्व हिन्दू परिषद ने इसकी व्यापक तैयारी प्रारंभ कर दी है। विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता देश भर में ग्राम ग्राम, मोहल्ला मोहल्ला तक हिंदू परिवारों में जाकर हिंदू समाज को प्राण प्रतिष्ठा समारोह से जुड़ने का आह्वान करेंगे। इसके लिए ट्रस्ट द्वारा अयोध्या से पूजित अक्षत देशभर में भेजे गए हैं।

इसी क्रम में गंज बासौदा नगर की 11 बस्तियों के प्रतिनिधियों को शुक्रवार को महावीर धर्मशाला में बैठक आयोजित कर अक्षत सौंपे गये। दोपहर 1 बजे बैठक शुरु हुई जिसमें सर्वप्रथम जिला संघ चालक विनोद भाई शाह, अभियान के विभाग सह संयोजक विक्रम रघुवंशी, विहिप जिलाध्यक्ष संदीप नेमा, नगर संयोजक रामकृष्ण राजपूत एवं सह संयोजक दिनेश विश्वकर्मा ने पंडित नितिन भाटे के आचार्यत्व में भगवान राम के चित्र पर तिलक लगाकर माल्यार्पण कर अक्षत पूजन किया।

तत्पश्चात बैठक को संबोधित करते हुये विभाग सह संयोजक विक्रम रघुवंशी ने कहा कि हमें अपने अपने क्षेत्र के हर हिंदू परिवारों तक 1 जनवरी से 15 जनवरी के मध्य जाना है और उन्हें 22 जनवरी को अपने पास के मंदिर में एकत्रित होकर भजन कीर्तन करने प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण देखने, घर में रंगोली बनाने तथा रात्रि में दीप मालिका जलाकर आतिशबाजी करने का आह्वान करना है। यह महोत्सव सबका उत्सव बने एसा प्रयास करना है। तत्पश्चात सभी 11 बस्तियों की समिति की घोषणा की गयी एवं बस्तिसः बैठकर आगामी रूपरेखा बनाई गई। इस अवसर पर विहिप प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख सुनील यादव, प्रांत टोली सदस्य डॉ सीएस शर्मा, विभाग विशेष संपर्क प्रमुख नितिन सक्सेना, अभियान के जिला संयोजक अभिषेक शर्मा गुरूजी, सह संयोजक रीतेश रघुवंशी, विहिप जिला उपाध्यक्ष मुकेश सेन, रंजीता सिंह, विद्यार्थी परिषद विभाग संयोजक विबेक विश्वकर्मा,जिला संयोजक शुभेंद्र सिंह राजपूत, अभियान के नगर सह संयोजक भजन प्रजापति एवं संजय सिलावट, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह पंकज कुशवाह, संस्कृत भारती के संयोजक सौरभ खटीक, केशव हाड़ा, दिलीप देसाई, गजेंद्र राजपूत, लालचंद्र कुशवाह, झगडू महाराज, मोनू कुर्मी, आकाश यादव, अंकित विश्वकर्मा, रानू मालवीय, रामराज झा, लाला खटीक, रितिक नामदेव, कपिल रघुवंशी उपस्थित थे। उक्त जानकारी जिला प्रचार प्रसार प्रमुख सत्यम दुबे ने विज्ञप्ति जारी कर दी।

# रासेयो का सात दिवसीय विशेष शिविर ककरावदा में प्रारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम ककरावदा में आरंभ हुआ। जिसका उद्घाटन सत्र में ग्राम के आकाश रघुवंशी सरपंच प्रतिनिधि, हरगोविंद अहिरवार सचिव, अवधेश दीक्षित प्राचार्य शासकीय उमा विद्यालय, एससी शर्मा प्राचार्य शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, अभय कुमार शर्मा पूर्व कार्यक्रम अधिकारी, प्रदीप चौरसिया वरिष्ठ शिक्षक, सुमन दुबे, उर्मिला शर्मा, परशराम रघुवंशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ में सरस्वती पूजन एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। पूर्णिमा ओझा ने सरस्वती वंदना एवं कुमारी पुष्पलता सेन ने गणेश वंदना की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम अधिकारी दिनेश ओझा ने एनएसएस शिविर थीम स्वास्थ्य जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं आगामी कार्यक्रमों के बारे में बताया। स्वयंसेवक उदित रघुवंशी को सर्वश्रेष्ठ कैंप कमांडर के लिए पुरस्कृत किया गया। स्वयंसेवकों द्वारा नशा मुक्ति भारत अभियान के लिए ग्राम में विशाल रैली का आयोजन किया गया। शिविर में प्रथम महलवार, सचिन अहिरवार ,विकास मालवीय, अरविंद अहिरवार, राजकुमार विश्वकर्मा, विशाल अहिरवार, स्वयंसेवक हर्षित अहिरवार द्वारा शिविर दर्पण प्रस्तुत किया गया।

**कार्यालय-प्रभारी चिकित्सा अधिकारी,**
**रा. गॉधी शास. जन चिकित्सालय गंज बासौदा जिला विदिशा म.प्र.**
-:निविदा:-
संस्था में भर्ती मरीजों की दैनिक भोजन व्यवस्था में आने वाली खाद्यय सामग्री की दरें वर्ष 2023-24 हेतु फर्मो से निविदा शर्तो के अधीन आमंत्रित की जाती है।
1. आवेदन पत्र एवं शर्तो की प्रति प्राप्त करने की तिथि - 16.12.23
2. बंद लिफाफे में आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि - 25-12-23
3. स्थान-स्थानीय कार्यालय समय प्रातः 11 से सांय 5 बजे तक अवकाश दिवस छोड़कर
**विकास खण्ड चिकित्सा अधिकारी**
**विकासखण्ड गंज बासौदा जिला विदिशा**

### थाना परिसर में बैठक लेकर एसडीएम ने दिए सख्त निर्देश

# नए मुख्यमंत्री के बनते ही सिरोंज प्रशासन ने आदेशों के पालन में दिखाना शुरु की सख्ती

## *एसडीएम बोले-धार्मिक स्थलों पर ध्वनि विस्तारक यंत्र, मांस-मछली के खुले में विक्रय पर प्रतिबंध के साथ अस्थाई अतिक्रमण पर की जाएगी कार्रवाई*

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

मध्यप्रदेश के नए मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रशासन ने अनेको आदेशों का सख्ती से पालन कराना प्रांरभ कर दिया है। वही शुक्रवार को एसडीएम हर्षल चौधरी ने थाना परिसर में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मांस, मछली विक्रेताओं के अलावा सभी संप्रादायों के जिम्मेदार नागरिक उपस्थित हुए। उक्त बैठक में विषेष रूप से खुले में एंव बिना अनुमति पत्र,लायसेंस अथवा लायसेंस सर्तो को उल्लघंन करते हुए पशु मांस,मछली के विक्रय पर प्रतिबंध के साथ शहर में हो रहा अस्थायी अतिक्रमण व धार्मिक स्थलों एंव अन्य स्थानों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रो जैसे कि लाउडस्पीकर डीजे,संबोधन प्रणाली के अन्यत्रित एंव नियम विरूद्ध प्रयोग पर नियत्रण व कार्यवाही हेतु दिशा निर्देश के संबध में एसडीएम ने बैठक में जानकारी दी। वही उन्होने कहा कि यदि इन सब नियमों का पालन नही हुआ तो सख्ती से कार्यवाही करने की बात कही।



### खुले में मांस और मछली के विक्रय पर लगाया जाएगा प्रतिबंध

मध्यप्रदेश नगर पालिका निगम अधिनियम 1956 की धारा 253,254 तथा 255 एंव मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 268 एंव 269 के अंतर्गत नगरीय क्षेत्रो में अनुमति पत्र लायसेंस के बिना पशु मांस,मछली के विक्रय नही करने का प्रावधान है। नगरीय क्षेत्र मे बिना अनुमति लायसेंस प्राप्त किए एंव लायसेंस की शर्तो का उल्लघंन करते हुए खुले व निर्दिष्ट स्थानों के अतिरिक्त पशु मांस मछली का विक्रय किया गया तो उक्त व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी।

### अस्थाई अतिक्रमण पर होगी कार्रवाई

नगर के मुख्य बाजार सहित गली मोहल्लों में नागरिको द्वारा किए गए अस्थाई अतिक्रमण पर नपा द्वारा कार्यवाही की जाएगी। साथ ही नागरिकों द्वारा यदि सड़क पर रेत,गिट्टी सहित किसी भी प्रकार का समान रखकर मुख्य रास्ते को बंद किया गया तो उक्त व्यक्ति के ऊपर नगर पालिका द्वारा चालानी कार्यवाही की जाएगी।

### लाउडस्पीकर के उपयोग पर लगाया जाएगा प्रतिबंध

*ध्वनि प्रदूषण के नियंत्रण के संबंध में जारी दिशा निर्देषो के कडाई से अनुपालन कराने तथा ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित किए जाने के संबंध में प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए है। लेकिन विभिन्न धर्म स्थलों में निर्धारित डेसिबल का उल्लंघन करते हुए लाउडस्पीकर का उपयोग किया जा रहा है। अधिक शोर होने से मनुष्य के काम करने की क्षमता,आराम नींद और संवाद में व्यवधान पड़ता है। कोलाहल पूर्ण वातावरण के कारण उक्त रक्तचाप,बैचेनी,मानसिक तनाव तथा अनिद्रा जैसे प्रभाव शरीर में पाए जाते है। अधिक शोर होने पर कान के आंतरिक भाग की क्षति होने के प्रमाण पाए गए है। ध्वनि विस्तारक यंत्रो लाउडस्पीकर,डी.जे के नियम विरूद्ध अनियंत्रित व अवांछित प्रयोग से आपस में विवाद व तनाव की घटनाए निर्मित होने की स्थिति में ध्वनि विस्तारक यंत्रो के नियम विरूद्ध व अनियंत्रित प्रयोग पर प्रभावी नियंत्रण लगाने के लिए विषेष कार्यवाही की जाएगी। ध्वनि प्रदूषण नियम 2000 यथा संषोधित के नियम 3-1 तथा 4-1 के अनुसार नियमावली के शेड्यूल में अंकित अनुमत्य अधिकतम ध्वनि सीमा के अंतर्गत ध्वनि मानको के प्रावधानो का पालन करते हुए ही मध्यम आकार के अधिकतम 2 डी.जे के प्रयोग की ही अनुमति प्रधान की जाएगी। डी.जे व लाउडस्पीकर की विधिवत अनुमति सक्षम स्तर पर ली जाना पडेगा। साथ ही किसी भी संस्था व व्यक्ति द्वारा ध्वनि प्रदूषण नियम 2000 के प्राविधानो का पालन करते हुए ही ध्वनि विस्तारक यंत्र लाउडस्पीकर डीजे का प्रयोग किया जा सकेगा।*

### ग्राम भौरिया में सप्त दिवसीय भागवत कथा

## श्रीमद्भागवत कथा में मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव, ग्रामीण हुए भाव-विभोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

ग्राम भौरिया में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन शुक्रवार को भगवान श्री कृष्ण जन्म उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान कथा वाचक पंडित आचार्य अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने जब कृष्ण जन्म को लेकर मार्मिक वृतांत सुनाया तो ग्रामीण भाव विभोर हो गए एवं झूमने पर मजबूर हो गए। जिसमें कई महिलाओं ने भाग लिया। कृष्ण जन्म के प्रसंग में नंद बाबा के घर में जन्मोत्सव का वर्णन किया गया जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए मिठाइयां बांटकर बधाइयां देकर नंदोत्सव की खुशियां मनाई गई।

कथावाचक आचार्य पंडित अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव की कथा का सविस्तार संगीतमय वाचन किया। उन्होने ने कहा कि जब जब पृथ्वी पाप के बोझ से दबने लगती है, पापाचार बढ जाता है तब तब श्री हरि अवतार लेकर पाप व पापी का नाश कर पुनः धर्म को स्थापित करते हैं। मथुरा के राजा ने पाप का आचरण करते हुए अपने ही पिता को कारावास में डाल कर सत्ता हथियाकर प्रजा पर अत्याचार किया तथा जब उसे पता चला कि उसकी सगी बहन देवकी की आठवीं संतान ही उसके काल का कारण बनेगी तब उसने बहन देवकी व उसके पति वसुदेव को कारावास में बंद कर दिया लेकिन श्री हरि की कृपा से माया के कारण कारावास के बंद पड़े द्वार खुल जाते हैं, मायावस वसुदेव भगवान श्रीकृष्ण को उफनती यमुना को पारकर सकुशल बाबा नंद के घर छोड़ आते हैं। जैसे ही बाबा नंद के घर में पुत्र होने का समाचार पाकर पूरे नंद गांव में आनंद छा जाता है। नंदोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मधुर भजनों की धुनों पर नृत्य करते हुए आनंद प्राप्त किया। इस दौरान महिलाएं एवं आसपास के गांव के श्रोता गण बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### सैफी सिरोंजी के पुत्र का आकस्मिक निधन



सिरोंज। सिरोंज के वरिष्ठ उर्दू साहित्यकार सैफी सिरोंजी के छोटे बेटे नवेद सैफी का शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया। इस अवसर पर पत्रकार महासंघ के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी,ड्रग ऐसोसियन के अध्यक्ष मोहम्मद राषिद खान सहित नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शोक संवेदना व्यक्त की।

### शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय के कॉलेज चलो अभियान की शुरुआत

# सीएम राइज स्कूल में दी प्रवेश से संबंधित जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर के शासकीय लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय की कॉलेज चलो अभियान की टीम ने सी एम राइज स्कूल में पहुंचकर वर्ष 2024- 25 में कॉलेज में प्रवेश से संबंधित जानकारी को विस्तार से बताया।

कॉलेज चलो अभियान के संयोजक डॉक्टर आर के वाखला ने ऑनलाइन प्रवेश की प्रक्रिया को समझाते हुए विद्यार्थियों को बताया कि कॉलेज में प्रवेश के लिए विद्यार्थियों को कॉलेज नहीं जाना है। विभिन्न चरणों में समय पर ऑनलाइन के माध्यम से पंजीयन कराना है। प्रवेश सूची में नाम आने पर ऑनलाइन फीस जमा कर देना है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर लालचंद राजपूत ने उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए कहा कि छात्रवृत्ति से संबंधित केंद्र सरकार की सेंट्रल सेक्टर एवं इंस्पायर योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। राज्य सरकार द्वारा पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के अतिरिक्त गांव की बेटी,प्रतिभा कारण, विक्रमादित्य योजना, आवास सहायता योजना एनएसएस,एनसीसी, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना, स्पोर्ट्स आदि के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर सी एम राइज स्कूल के प्राचार्य महेश ताम्रकार एवं गणित के व्याख्याता संजीव माथुर ने सहयोग प्रदान करते हुए विद्यार्थियों को प्रथम चरण में ही प्रवेश हेतु पंजीयन करने के लिए प्रेरित किया।




## पंचांग निर्माण प्रक्रिया पूर्णता की ओर रावतपुरा सरकार ने की प्रशंसा

**सागर।** पुरोहित पुजारी विद्वत संघ द्वारा प्रकाशित होने वाला स्थानीय बुंदेलखंड पंचांग निर्माण का कार्य लगभग पूर्णता की ओर पहुंच चुका है संघ द्वारा आगामी नव संवत्सर के पंचांग की विषयवस्तु के फेरबदल को लेकर विद्वतजनों द्वारा विचार विमर्श किया जा रहा है । सागर प्रवास पर पधारे संत रविशंकर महाराज रावतपुरा सरकार से संघ के प्रतिनिधि मंडल ने पहुंचकर मार्गदर्शन प्राप्त किया। रावतपुरा सरकार ने कहा स्थानीय पंचांग से सभी पुरोहित पुजारियों को सुविधा रहती है सागर से प्रतिवर्ष पंचांग प्रकाशन को जो परंपरा स्थापित की गई है ये बनी रहनी चाहिए इसमें सभी सनातनी लोगों की सहभागिता होनी चाहिए। सागर के विद्वतजनों की प्रशंसा की जानी चाहिए। यहां गौरवतल है कि पिछले तीन चार वर्षो से पुरोहित पुजारी विद्वत संघ द्वारा प्रतिवर्ष बुंदेलखंड का स्थानीय पंचांग निकाला जा रहा है जो स्थानीय पंडितों को कर्मकांड अनुष्ठान और ज्योतिष कार्य हेतु काफी सुविधाजनक है। युवा ब्राह्मण समाज बुंदेलखंड के अध्यक्ष पं. भरत तिवारी ने बताया की पंचांग निर्माण प्रक्रिया पूर्णता की ओर पहुंच चुकी है जैसे ही प्रारूप प्रिंटिंग के लिए जायेगा हम लोग विमोचन की तरीरख तय करेंगे। पं. शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि अगले सप्ताह ही एक बड़ी बैठक प्रतिष्ठित विद्वानों की आयोजित कर रहे है उसमे विषय वस्तु और प्रारूप को अंतिम रूप दे दिया जायेगा।

## चुनावों के दौरान अवैध शराब के 76 प्रकरण बने, 47 आरोपी को न्यायालय में पेश किया

### बरेली-बाड़ी क्षेत्र में व्यापक स्तर पर होता है अवैध कच्ची शराब का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

बारना, घोघरा नदी एवं विंध्य पर्वत की तलहटी में गुप्त स्थानों पर व्यापक स्तर हाथ भट्टी कच्ची शराब का निर्माण विक्रय दशकों से बना हुआ है। सिंधी केम्प, चैनपुर, रतनपुर सहित अन्य जंगल किनारे बसे ग्रामों, नदी नालों की खंदको में हाथ भट्टी शराब का निर्माण और बाड़ी, बरेली तहसीलों के दर्जनों ग्रामों में सप्लाई विक्रय का अवैध धंधा चल रहा है।

अवैध रूप से गांजे की खेती, गांजे का भारी मात्रा में अवैध कारोबार के मामले पूर्व में उजागर हो चुके। भारत-पाक विभाजन के दौरान आए शरणार्थी परिवारों द्वारा अपराधिक गतिविधियों के साथ पुस्तैनी धंधे हाथ भट्टी शराब निर्माण को बाड़ी के आसपास जारी बनाए रखा गया। विधानसभा चुनावों के दौरान लगी आर्दश आचार संहिता के दौरान आबकारी विभाग द्वारा 12860 ली। अवैध महुआ लाहन जप्त और नष्ट किया गया। 4 मोटर साईकिलें जब्त की गई। 764 ली. हाथ भट्टी एवं 1218 अंग्रेजी शराब जब्त की गई। कुल 76 मामले आबकारी विभाग द्वारा दर्ज किए गए। 47 आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। आबकारी उप निरीक्षक बरेली राजेश विश्वकर्मा ने बताया की वर्ष भर आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाई की जाती है। आर्दश आचार संहिता के दौरान आवकारी विभाग के साथ पुलिस की अवैध शराब निर्माण, विक्रय करने वालों की कडी नजर रही। इसी कारण कम समय में अधिक प्रकरण बनाए गए।



## शांति समिति की बैठक में पुलिस ने दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हैदरगढ़

शुक्रवार को तहसीलदार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। जिसमें हैदरगढ़ के सभी गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि और समाज सेवी कार्यकर्ता और थाना प्रभारी राजेश मिश्रा उपस्थित रहे।

तहसीलदार सौरभ मालवीय के द्वारा जिला कलेक्टर के द्वारा दिए गए आदेशों के पालन में बताते हुए कहा है कि हैदरगढ़ के सभी मंदिर, मस्जिद धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर के संचालन संबंधी निर्देश दिए। जिससे कि सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों का उल्लंघन न हो। बैठक में मांस मटन चिकन बेचने वाले विक्रेताओं से कहा है कि एक नियमित स्थान पर शासन की गाइड लाइन के तहत अपना व्यापार करें। स्थल पर किसी प्रकार की कोई गंदगी न करें, पशु मांस तथा मछली का खुले में विक्रय न करें। अन्यथा की स्थिति में संबंधितों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। विक्रय की अनुमति के संबंध में गृह विभाग के द्वारा जारी नवीन आदेश का हवाला देते हुए क्रियान्वयन के संबंध में आज संबंधों को निर्देश दिए गए हैं। नियम के अनुसार शर्तों के अधीन विक्रेता की अनुमति प्रदान की जाए ग्राम पंचायत से अनुमति लिए एवं ऑनलाइन फूड एवं ड्रग्स की साइट पर जाकर ऑनलाइन लाइसेंस लेने के पश्चात अपनी दुकानें संचालित करें अन्यथा नियम के अनुसार कार्रवाई की जाएगी । बैठक में हैदरगढ़ सरपंच सुनील विश्वकर्मा भैया जी धर्म समुदाय और मांस मछली विक्रेता डीजे संचालक तथा गणमान्य नागरिक आदि मौजूद रहे।



### तारण-तरण धर्मार्थ सेवा समिति की अमरावद में बैठक

## बैठक में युवक-युवती परिचय सम्मेलन स्मारिका प्रकाशन का निर्णय लिया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

तारण तरण धर्मास्थ सेवा समिति की त्रिवार्षिक बैठक ग्राम अमरावद में अशोक जैन के यहॉ संपन्न हुई। बैठक में समाज उत्थान, संगठन सक्रियता, निर्धन छात्रों को मदद, युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं स्मारिका प्रकाशन जैसे मुख्य विषयों के साथ अन्य मुददों पर गहन चर्चा, विचार विमर्श उपरांत निर्णय लिए गए।

बैठक में यह निर्णय लिया गया कि आगामी दिनों में समिति द्वारा जिला स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें तहसील स्तर के एक व्यक्ति की नियुक्ति की जाएगी। नये सदस्यों को जोड़ा जाने का प्रयास होगा। तारण तरण समाज की जिला स्तरीय जन गणना एवं विवाह योग्य पुत्र-पुत्रियों के फोटो सहित बायोडाटा डायरेक्टरी में शामिल किए जाएंगे। फरवरी 2024 में सिलवानी में मीटिंग से पूर्व डायरेक्टरी का प्रकाशन किए जाने का निर्णय लिया। प्रत्येक महिने बैठक, समिति संपर्क अभियान, जिला स्तर पर युवा संगठन गठन, 5-5 समर्पित युवाओं का योगदान सुनिश्चित करने का निर्णय लिया।

आर्थिक मदद का फंड

आर्थिक रूप से कमजोर प्रतिभावान छात्रों को जो उच्च शिक्षा के योग्य ऐसे बच्चों को जिला समिति द्वारा सहयोग करने फंड की व्यवस्था की जाएगी। प्रतिभान छात्र-छात्राओं का सम्मान आयोजित करने का भी निर्णय लिया। बैठक में समिति के संरक्षक प्रहलाद किशोर जैन, समिति अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार जैन, महामंत्री जितेन्द्र जैन, उपा. धर्मेश जैन, कोषाध्यक्ष अनिल जैन, संगठन मंत्री संजय जैन, सवाई सेठ राजेश पटैल, शिखरचंद जैन, जिनेन्द्र जैन, रतन जैन उदयपुरा, शैलेन्द्र जैन, राकेश तारण, रतन जैन बरेली, संदेश जैन इत्यादि समिति सदस्यों की उपस्थिति रही।



### विधानसभा के विभागीय अधिकारियों के साथ विधायक पटेल ने की बैठक

# विकास का रोड मेप बनाएं, लाभ से वंचित न रहे कोई पात्र कोई मेरे नाम से दबाव बनाए तो सीधे मुझसे बात करें: पटेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

तहसील प्रांगण स्थित सभा कक्ष में उदयपुरा-बरेली विधानसभा क्षेत्र के नव निर्वाचित भाजपा विधायक नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि हो जाएगा, होता है, होता रहेगा जैसी मनोवृत्ति को त्याग कर अपने दायित्व निभाने में सक्रियता जरूरी है।

पहले क्या हुआ किसने क्या किया इसे छोड़ सभी को आगे बढने, विकास और जन कल्याणकारी योजनाओं के लाभ दिलाने रोड मेप तैयार किया जाना जरूरी है। बैठक के प्रारंभ में विभिन्न विषयों के अधिकारियों, कर्मचारियों ने नव निर्वाचित विधायक नरेन्द्र शिवाजी पटैल का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। बैठक में विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति रही। एसडीएम राजस्व संतोष मुदगल, तहसीलदार बरेली, उदयपुरा, देवरी, जनपद उदयपुरा बाड़ी के सीईओ, नपं. बरेली, उदयपुरा, देवरी के सीएमओ, महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी बरेली, उदयपुरा, एसडीओपी पीडब्लूडी, ब्लाक शिक्षाधिकारी बीआरसी उदयपुरा, बाड़ी, उदयपुरा, बरेली के मंडी सचिव, आवकारी, स्वास्थ्य, वन, पीएचई सहित अन्य विभागों के अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति रही। नव निर्वाचित विधायक नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने अपने सम्बौधन में सभी अधिकारियों से रोडमेप बनाने, विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को मिले, कोई पात्र वंचित न रहे, इसके लिए सक्रियतापूर्वक कार्य करने का आग्रह किया। कहा कि मेरे नाम से यदि कोई व्यक्ति दबाव बनाता है, तो सीधे मुझसे बात करें। योजनाओं के क्रियान्वयन में आंकडो के स्थान पर मिले फीडबेक को अधिक महत्व देंगे। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व संतोष मुदगल ने कहा कि आम आदमी के साथ संवेदनशीलता से व्यवहार और सक्रिय सजग होकर कार्य करना जरूरी है। अधिकारियों से कहा कि प्रत्येक कार्यालय में एक पंजी का संधारण हो जिसमें विधायक सांसद के पत्रों की आवक जावक दर्ज की जाए।



### ओलंपस हाई स्कूल की भव्या की पेंटिंग भोपाल प्रदर्शनी में प्रथम



**विदिशा।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के बैनर तले भोपाल के रवींद्र भवन में पीस पोस्टर प्रतियोगिता की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में भोपाल एवं अन्य 13 ज़िलों के 100 से भी अधिक क्लबों द्वारा विभिन्न स्कूलों के बच्चों की प्रतियोगिता में बनाई गई पेंटिंग्स में से सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग की प्रदर्शनी का यह आयोजन हुआ। विदिशा से ओलंपस हाई स्कूल की छात्रा भव्या तलरेजा की आनंदपुर सद्गुरू क्लब के निर्देशन में बनाई गई पेंटिंग सर्वश्रेष्ठ चुनी गई। इस प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन जेपी जौहर और पीस पोस्टर की डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर बीनू गर्ग के मार्गदर्शन में ये कार्यक्रम आयोजित हुआ। विदिशा आनंदपुर सद्गुरू के सदस्य एवं पास्ट डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन अतुल शाह ने बताया कि ये पीस पोस्टर की एक्टिविटी पूरे राज्य में एक दिन एक समय पर आयोजित हुई और गोल्डन बुक्स ऑफ़ रिकॉर्ड में इसका नाम शामिल हुआ। विदिशा आनन्दपुर सद्गुरू के सदस्य लायन मोहित रघुवंशी के स्कूल की छात्रा का ये प्रदर्शन कबीले तारीफ़ है और अब ये पेंटिंग आगे मल्टीपल और फिर इंटरनेशनल तक जाने के लिए तैयार है एवं इस हेतु समूचे क्लब को और ओलंपस स्कूल को अतुल शाह एवं क्लब अध्यक्ष क़ल्बे हारून ने बधाई दी।

### शांति समिति की हुई

ग्यारसपुर। थाना परिसर में एसडीएम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक की गई। एसडीम ग्यारसपुर मनोज उपाध्याय ने निर्देश दिए की ग्यारसपुर विकासखंड के सभी मंदिरए मस्जिद धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर माइक खोले जाएं। बैठक में मांस मटन चिकन बेचने वाले विक्रेताओं से कहा है कि एक नियमित स्थान पर शासन की गार्ड लाइन के तहत अपना व्यापार करें। किसी प्रकार की कोई गंदगी न करें।

**कार्या. रजिस्ट्रीकरण अधिकारी स्टेट बैंक कर्मचारी साख सहकारी समिति मर्या. विदिशा, जिला विदिशा**

पंजीयन क्र. 234/01.01.1981

**// सूचना //**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि स्टेट बैंक कर्मचारी साख सहकारी समिति मर्या. विदिशा की सदस्यता सूची का प्रथम प्रकाशन संस्था के नोटिस बोर्ड, उपपंजीयक, सहकारी संस्थायें विदिशा, विकास खण्ड विदिशा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा विदिशा के सूचना पटल पर दिनांक 15.12.23 को किया गया है। यदि किसी भी सदस्य को इस पर कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना है तो दिनांक 15.12.23 से दिनांक 22.12.23 तक संस्था या मुझे सहप्रमाण लिखित में प्रस्तुत कर सकते है। प्राप्त आपत्तियों का निराकरण दिनांक 24.12.23 को संस्था कार्यालय में किया जावेगा ।

**(वैष्णवी मरकाम)**
**उप अंकेक्षक एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी**
**स्टेट बैंक कर्मचारी साख सहकारी, संस्था मर्या, विदिशा**

शहर के दशहरे मैदान में धान की नीलामी का कार्य जोरों से चल रहा है, जहां किसान प्रतिदिन भारी संख्या में अपनी धान उपज लेकर दशहरा मैदान में पहुंच रहा है। बता दें कि रायसेन की मंडी में धान का अच्छा रेट मिलने से बाहर के किसानों द्वारा भी अपनी उपज विक्रय के लिए लेकर आ रहे है। अनुमान के मुताबिक प्रतिदिन करीब 700 से लेकर 800 तक ट्रालियां आ रही है, जिनमें से प्रतिदिन करीब 500 से 600 ट्रालियों की नीलामी की जा रही है, शेष बचे किसानों को एक दिन बाद नीलामी की जा रही है। जिसके चलते किसानों को खुले आसमान तले अपनी उपज लेकर रात बिताना पड़ रही है, जिसके बाद जाकर कहीं उसकी उपज की नीलामी हो पाती है।



अच्छी उपज का 4 हजार से 4500 रू. तक रेट

**शहर सहित आस-पास के जिलों से आ रही धान से भरी ट्रालियां**

# धान की बंपर आवक दशहरा मैदान फुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

इस बार जिलेभर में कम बारिश के बावजूद धान की अच्छी उत्पादन हो रही है, जिसके नतीजन अब कृषि उपज मंडियों में भारी संख्या में धान की ट्रालियां देखी जा रही है। वहीं शहर के 8 एकड़ में फैला दशहरा मैदान इन दिनों धान की ट्रॉलियों से भरा नजर आ रहा है। धान की बंपर आवक से मंडी तो फुल हो ही गई है। शहर की सभी सड़कों पर भी जाम की स्थिति बन रही है। दूर-दूर से अपनी उपज लेकर पहुंच रहे किसानों को मैदान में जहां जगह मिली रही है, वहीं अपनी ट्रॉली वहां खड़ी कर रहे है।

धान की आवक ज्यादा होने से किसानों को धान नीलामी के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा रहा है। ज्यादातर किसानों का नंबर दूसरे दिन ही आ रहा है। रायसेन के साथ ही आसपास के जिलों के किसान भी अच्छा रेट मिलने से अपनी उपज लेकर रायसेन मंडी पहुंच रहे हैं। व्यापारियों द्वारा अच्छे रेट पर धान की खरीदी की जा रही है। इसी कारण बड़ी संख्या में किसान उपज लेकर यहां आ रहे हैं।



**प्रतिदिन आ रही 700 से ज्यादा ट्रॉलियां**

बड़ी संख्या में किसान अपनी धान की फसल लेकर मंडी पहुंच रहे हैं, जहां व्यापारियों द्वारा खरीदी जा रही है। धान की ट्रालियों की आवक ज्यादा होने के कारण धान की नीलामी के लिए किसानों को लंबा इंतजार करना पड़ा रहा है। ज्यादातर किसानों का नंबर दूसरे दिन ही आ रहा है। रायसेन के साथ ही आसपास के जिलों के किसान भी उपज लेकर भारी संख्या में रायसेन मंडी पहुंच रहे हैं। व्यापारियों द्वारा अच्छे रेट पर धान की खरीदी की जा रही है। इसी कारण बड़ी संख्या में किसान उपज लेकर यहां आ रहे हैं।

कलेक्टर अरविंद दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में हुई धर्मगुरूओं की बैठक

# धार्मिक स्थलों पर तय सीमा में ही बजाएं 'लाउड स्पीकर'



रायसेन

जिले में धार्मिक एवं अन्य स्थलों पर लाउडस्पीकर, डीजे सहित ध्वनि विस्तार यंत्रों के उपयोग और ध्वनि सीमा स्तर के संबंध में शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराने हेतु कलेक्टर अरविंद दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सभी धर्मगुरूओं के साथ बैठक आयोजित की गई।

कलेक्टर ने धर्मगुरूओं के साथ डीजे, लाउडस्पीकर सहित अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से होने वाले ध्वनि प्रदूषण के दुष्परिणामों पर चर्चा करते हुए कहा कि इनका अत्याधिक उपयोग अनेक बीमारियों का कारण बन रहा है। निर्धारित डेसीमल से अधिक ध्वनि विस्तार लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डालता है।

कलेक्टर ने ध्वनि प्रदूषण एक बड़ी समस्या है जो कई मानसिक और शारीरिक बीमारियों का कारण बन रहा है। ध्वनि प्रदूषण हृद्य एवं अन्य बीमारियों से ग्रसित मरीजों के लिए बेहद खतरनाक होता है। साथ ही बच्चों की पढ़ाई में भी व्यवधान करता है। जिसके दृष्टिगत प्रदेश में धार्मिक स्थल एवं अन्य स्थानों पर मप्र कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम, 2000 के प्रावधानों तथा सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट द्वारा समय-समय पर जारी दिशा निर्देशों के अनुकम में राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया है कि किसी भी प्रकार के धार्मिक स्थलों, धार्मिक यात्राओं, जुलूसों अथवा अन्य स्थलों पर निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही लाउडस्पीकर/डीजे का उपयोग करें। ध्वनि प्रदूषण तथा कोलाहल नियंत्रण संबंधी अधिनियम, नियमों का संवाद और समन्वय के साथ प्रभावी पालन किया जाना है और इसमें धर्मगुरूओं की महत्वपूर्ण भूमिका है।

**रहवासी क्षेत्र में दिन के समय 55 और रात में 45 डेसीमल में बजा सकेंगे डीजे**

*बैठक में सभी धर्मगुरूओं को मप्र कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम के बारे में बिन्दुवार जानकारी दी गई। बैठक में बताया कि ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों जैसे औद्योगिक, वाणिज्यिक, रिहायसी व शांत क्षेत्र में दिन व रात के समय अधिकतम ध्वनि तीव्रता निर्धारित की गई है। जिसके तहत औद्योगिक क्षेत्र में दिन में 75 डेसीमल और रात्रि में 70 डेसीमल, वाणिज्यिक क्षेत्र में दिन में 65 डेसीमल और रात्रि में 55 डेसीमल, रिहायशी क्षेत्र में दिन के समय 55 डेसीमल और रात्रि के समय 45 डेसीमल तथा शांत (साइलेंस) क्षेत्र में दिन के समय 50 डेसीमल और रात्रि के समय 40 डेसीमल ध्वनि तीव्रता निर्धारित है। मोबाइल पर डेसिबल मीटर ऐप डाउनलोड कर कोई भी ध्वनि की तीव्रता को जाँच सकता है। बैठक में सभी धर्मगुरूओं से सुझाव भी आमंत्रित किए गए। सभी धर्मगुरूओं ने लाउडस्पीकर की संख्या सीमित रखते हुए तय सीमा के पालन की सहमति दी।*

## सीएम ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में जनप्रतिनिधियों अधिकारियों से की चर्चा

**रायसेन।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा वीडियो कॉफ्रेंस से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' की तैयारियों और गतिविधियों पर जिलों में मौजूद जन प्रतिनिधियों, कलेक्टर से चर्चा कर निर्देश दिए। रायसेन में कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में उदयपुरा विधायक नरेन्द्र शिवाजी पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा सहित नगरीय निकायों और जनपद पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कलेक्टर अरविंद दुबे, जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर अरविंद दुबे ने जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन के संबंध में जनप्रतिनिधियों के साथ चर्चा करते हुए बताया कि शनिवार को दोपहर 3 बजे से रायसेन स्थित वन परिसर में जिले स्तर पर यात्रा का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# पीएचई के सहायक यंत्री जानकारी छुपाने के मामले में बुरी तरह फंसे

## सहायक यंत्री जानबूझकर उड़ा रहे कानून का खुला मजाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

पीएचई विभाग बाड़ी एवं अब्दुल्लागंज के सहायक यंत्री सूचना अधिकार कानून की एक जानकारी न देने के मामले में अपील के दायरे में आ गए हैं। सूचना अधिकार कानून की जानकारी समय सीमा से एक महीना अधिक बीत जाने पर विभाग के अधिकारी कानून के लपेटे में आ गए।

सवाल यह है कि सहायक यांत्रि जैसा जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर कानून का खुला मजाक उड़ा रहा है। जबकि नियम अनुसार 30 दिन की समय सीमा पर जानकारी देना अनिवार्य पर आवेदक द्वारा अतिरिक्त समय देने के बाद राज्य सूचना आयोग को एक पत्र लिखा है, जिसमें संबंधित विभाग को स्मरण पत्र भेजा जा रहा है जिससे अपील में अधिकारी और विभाग की मनसा स्पष्ट हो जाए की सूचना अधिकार कानून के विषय में उनको कितनी जानकारी है और विभाग की याददाश्त कैसी है।

इस स्मरण पत्र के बाद विभाग की स्थिति का आंकलन हो जाएगा और यह भी साफ हो जाएगा कि अधिकारी कि मानसा से कानून को समझते हैं। स्मरण पत्र बाड़ी एवं औब्दुल्लागंज को सहायक यंत्री को 20 दिसंबर को संबंधित विभाग को संपूर्ण दस्तावेजों के साथ भेजा जाएगा। आपको यह भी बता दें रायसेन जिले में सूचना अधिकार कानून का अधिकारी खुले रूप में मजाक उड़ा रहा है। मामले में आयुक्त ने जिले की अधिकारियों को फटकार लगाई है।

**क्या कहता है कानून का पहला चैप्टर**

*आवेदनकर्ता का आवेदन किस दिनांक में आया क्या उसे आवक में दर्ज किया गया उसकी जावक में एंट्री कब हुई विभाग को उसे महीने में कितने सूचना के अधिकार आवेदन मिले क्या उसकी जानकारी जिला कलेक्टर एवं संबंधित अधिकारी को भेजी यदि भेजी तो प्रपत्र की दिनांक भेजे गए प्रपत्र में जो कालम था कितनी संख्या लिखी गई इस मामले में अधिकारी पर फंदा डल सकता है।*

*आवेदक का फार्म में जो जानकारी मांगी गई क्या वह जानकारी धारा 8 एवं 9 के अंतर्गत आती है यदि आती है तो उसे फॉर्म को निरस्त करने का प्रपत्र आवेदक को क्यों नहीं भेजा यदि जानकारी कानून के तहत है तो उसे रोकने के क्या कारण रहे क्या आवेदक कर्ता का आवेदन के आवेदन को नष्टिबद्ध कर रख दिया है। तो उससे पहले जो प्रक्रिया सूचना आवेदन को भेजी जाती है वे विभाग ने कि डाक सेवा से भेजी यदि नहीं भेजी तो अधिकारी पर कानून को शिथिल करने का गंभीर मामला दर्ज होना चाहिए।*

*दिनरात बड़ी संख्या में निकलते हैं भारी वाहन*

# सड़क किनारे लगती फल-सब्जी की दुकानों से बना रहता है हादसे का डर

**स्टेट हाइवे 44 पर पुलिस चौकी से लगी सरकारी भूमि पर जमी दुकानें**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

प्रशासन की लापरवाही के चलते स्टेट हाईवे से लग कर ही शासकीय भूमि पर फल सब्जी की दुकाने लगा कर अजीविका चलाई जा रही है। लेकिन हाईवे किनारे लगती इन दुकानो के कारण हमेशा ही हादसा होने का अंदेशा बना रहता है। लेकिन प्रशासन इन दुकानो को ना तो हटा पा रहा है और ना ही स्थाई जगह ही मुहैया करा पा रहा है।



बजरंग चौराहा पर स्थित पुलिस चौकी की बाऊंड्री से लग कर फल व सब्जी की करीब 15 छोटी छोटी दुकाने लगा कर परिवार का पालन पोषण किया जा रहा है। लेकिन पुलिस चौकी से लग कर स्टेट हाईवे 44 पर लगी इन दुकानो से अकसर ही हादसा होने का अंदेशा बना रहता है। इस मार्ग से यात्री बसों के अतिरिक्त रेत से भरे डंपर, ट्रक, ट्राली, सहित दो पहिया, चार पहिया वाहन बड़ी संख्या में निकलते है।

इस मार्ग पर यातायात का अत्याधिक दवाब हमेशा ही बना रहता है। इन्ही दुकानो के सामने से बस स्टेण्ड परिसर जाने के लिए बसों का प्रवेश होता है। लेकिन शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर लगाई जा रही दुकानों से हमेशा ही हादसे का अंदेशा बना रहता है। पूर्व में यहां पर हादसे भी हो चुके है।

ऐसा नहीं है कि मात्र उक्त स्थान पर ही शासकीय भूमि पर दुकाने लगाई जा रही है। बल्कि उत्कृष्ट विद्यालय की भूमि पर भी अतिक्रमण किया जा कर दुकाने बना कर व्यापार किया जा रहा है।

**चल रहा है किराए पर देने का खेल**

शासकीय भूमि पर आर्थिक रुप से कमजोर लोगो के द्वारा दुकाने वना कर परिवार की अजीविका चलाई जा रही हो लेकिन ऐसे प्रभावषाली लोग भी है जिनके द्वारा एक से अधिक दुकाने शासकीय भूमि पर कब्जा कर दकाने बना कर उन्हे हजारो रुपए मासिक के किराए पर चलाया जा रहा है। हालांकि प्रशासन के पास समस्त जानकारी होने के बाद भी कार्रवाही ना होना अनक संदेहो को जन्म दे रहा हैं। फुटपाथ तथा शासकीय भूमि पर कब्जा कर दुकाने बना कर व्यापार कर रहे दुकान दारो से नगर परिषद के द्वारा प्रति दिन टेक्स के रुप में तय राशि वसूली जा रही है। लेकिन इन दुकानदारो को स्थाई ठिकाना उपलब्ध नही कराया जा रहा है। और ना ही कोई सुविधा ही उपलब्ध कराई जा रही है।

# जल संसाधन विभाग द्वारा कैंप लगा की जा रही राजस्व वसूली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेगमगंज

जल संसाधन विभाग द्वारा सिंचाई राजस्व बकाया राशि वसूली हेतु ग्रामों में कैम्प आयोजित कर बकायादारों से राशि वसूल करने के अभियान को गति दिए हुए हैं। वही जल संसाधन विभाग के अधिकारी कर्मचारी ग्रामीण क्षेत्र में किसानों को समझाइश दे रहे हैं कि आपके ही क्षेत्र में कैंप लग रहा है। बकाया राशि जमा करें ताकि अधिभार से बच सकें। क्योंकि शासन द्वारा सिंचाई राजस्व वसूली को गंभीरता से लिया जा रहा है। कुछ कृषकों द्वारा अनाधिकृत रूप से कमाण्ड से बाहर बिना पूर्व अनुमति के पानी ले जाया जा रहे हैं। जिससे नहर के अंतिम छोर तक पानी पहुँचाने में कठिनाई हो रही है। विभाग द्वारा ऐसे किसानों को सिंचाई के संसाधन हटाने की समझाइश देते हुए चेतावनी भी दी जा रही है कि यदि अवैध रूप से पानी ले जाते हुए पाए जाने पर संबंधित किसान के विरुद्ध कार्यवाही तो की ही जाएगी। साथ ही संसाधनों की जप्ती भी की जा सकती है। जहां एक और जल संसाधन विभाग के वसूली अभियान में किसान सहयोग कर रहे हैं वहीं अवैध रूप से पानी ले जाने वालों में इस चेतावनी से हड़कंप मच गया है।



**बेगमगंज।** अवैध रूप से पानी लेते किसान।

**उत्साह के साथ शामिल हुए शोभायात्रा में सैकड़ों सनातन धर्मप्रेमी**

# पार्वती नंदन श्री गणेश की परिक्रमा शोभायात्रा के साथ श्रीरामलीला महोत्सव की शानदार शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

नगर के ऐतिहासिक श्रीरामलीला महोत्सव की शुरुआत शुक्रवार को नगर के बड़ा मंदिर से पार्वती नंदन भगवान श्री गणेश की परिक्रमा शोभायात्रा के साथ शानदार तरीके से शुरू हुई। गणेश जी की परिक्रमा शोभायात्रा बड़ा मंदिर से लेकर तिपट्टा बाजार, दुर्गा चौक, माता मंदिर चौराहा होते हुए सांची मार्ग से महामाया चौक के सामने से होते हुए श्री रामलीला गेट होकर रामलीला मैदान पहुंची।

इस दौरान रास्ते में भगवान श्री गणेश परिक्रमा शोभा यात्रा का नगर के धर्म प्रेमियों ने पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया, शोभायात्रा में शामिल सैकड़ो सनातन धर्म प्रेमी भगवान श्री गणेश की जयकार लगाते हुए साथ चल रहे थे। रामलीला मैदान पर मंच पर भगवान श्री गणेश को विराजमान किया गया जहां सनातन धर्मप्रेमियों ने श्री गणेश वंदना महा आरती की इसके पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया। श्री गणेश परिक्रमा शोभा यात्रा में श्रीरामलीला मेला आयोजन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष बृजेश चतुर्वेदी, श्री हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष बंटी महेश्वरी, पूर्व अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, पतिराम प्रजापति, शिवराज सिंह कुशवाह, अनिल चौरसिया, कन्हैयालाल सूरमा, अशोक सोनी, लीला सोनी, शंकरलाल चक्रवर्ती, पं राजेंद्र शुक्ला, पं बद्री प्रसाद पाराशर, पं दुर्गा प्रसाद शर्मा, संदीप दुबे, सीएल गौर, निमित्त चतुर्वेदी, मोहन राय, जीतू सेन, तिलक शाक्या सहित बड़ी संख्या में सनातन धर्म प्रेमियों ने भगवान श्री गणेश परिक्रमा शोभायात्रा में भाग लिया।



